**भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड सचिवालय**

**सैक्टर 19-बी, मध्य मार्ग, चण्डीगढ़-160019**

**प्रैस विज्ञप्ति दिनांक 07.04.2020**

**विषयः बीबीएमबी के कर्मचारियों ने दो दिन का वेतन रुपए 2,70,50,000/- की राशि का प्रधानमंत्री केयर फंड में योगदान दिया**

**चण्डीगढ़ः** बीबीएमबी जल और विद्युत क्षेत्रों में अग्रणी संगठन है तथा देश के उत्तरी क्षेत्र में निरन्तर जल और विद्युत उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्व है।

कोविड-19 के विरूद्व कदम उठाते हुए बीबीएमबी कर्मचारियों ने दो दिन का वेतन रुपए 2,70,50,000/- की राशि का योगदान प्रधानमंत्री केयर फंड में दिया।

डी.के. शर्मा, अध्यक्ष, बीबीएमबी ने बीबीएमबी कर्मचारियों का इस महत्वपूर्ण अवसर पर उनके संवेदनपूर्ण भाव के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने लॉक डाउन के दौरान जल की आपूर्ति, विद्युत उत्पादन तथा पारेषण की आवश्यक सेवाएं बनाए रखने के लिए बीबीएमबी के अधिकारियों और कर्मचारियों तथा हिमाचल प्रदेश सरकार व पंजाब राज्य के सुरक्षा कर्मचारियों का धन्यवाद किया। उन्होंने डॉक्टरों, नर्सों तथा पैरा मेडिकल स्टॉफ का भी धन्यवाद किया जो आवश्यक चिकित्सा सेवाएं बनाए रखने में लगे हुए हैं। उन्होंने सभी परियोजनाध्यक्षों से अपने सभी परियोजना केन्द्रों यथा नंगल, तलवाड़ा, बीएसएल परियोजना, सुन्दरनगर तथा बीबीएमबी मुख्यालय, चण्डीगढ़ में दैनिक भोगी श्रमिकों को पका हुआ भोजन तथा खाद्य सामग्री उपलब्ध कराकर निरन्तर सहायता करते रहने की भी अपील की।

सचिव

सेवा में

समाचार सम्पादक